सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक11.04.2020

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय रांची
विज्ञप्ति संख्या- *234/2020*
*11*अप्रैल *2020*
सूचना भवन, रांची।

=======================

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी किया गया आपातकालीन टॉल फ्री नम्बर *1967* एवं *1800 212 5512*

==========================

रांची। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार द्वारा कोरोना वायरस के संकट को देखते हुए राज्य के जरूरतमंद असहाय लाभुकों हेतु आपातकालीन व्यवस्था के अंतर्गत संचालित ***PGMS*** कॉल सेंटर में आपातकालीन टॉल फ्री नम्बर *1967* व *1800 212 5512,* जारी किया गया है। साथ ही जरूरतमंद व्यक्ति *89695 83111* के जरिये व्हाट्सएप्प और एसएमस भी कर सकते हैं। ***website: dfcajharkhand.in*** पर जाकर संपर्क कर सकते है अथवा ***pgms@dfcajharkhand.in*** पर ई-मेल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। विभाग की ओर से जिला एवं पंचायत स्तर पर भोजन की व्यवस्था की गई है साथ ही जरूरतमंदों तक दो माह तक का अग्रिम खाद्यान्न भी उपलब्ध कराया गया है। विभाग इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि किसी भी घर में कोई भूखा न सोये। विभाग , द्वारा प्राप्त आंकड़ो के अनुसार अभी तक *1,34,486* लोगों तक अनाज पहुंचा दिया गया है। वहीं नन पीडीएस के तहत *1,56,630* लोगों तक अनाज उपलब्ध करा दिया गया है। दाल भात के विभिन्न योजनाओं में अब तक *29,10,168* लोगों को खाना खिलाया जा चुका है। विभाग द्वारा *36,306* लोगों तक विशेष राहत सामग्री के पैकेट पहुचाये गए हैं। एनजीओ एवं वोलेंटियर की टीम द्वारा *15,74,086* लोगों को खाना खिलाया जा चुका है। वहीं प्रवासी मजदूरों के लिए *625* राहत कैम्प में *1,09,103* मजदूरों को खाना खिलाया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य में *13,57,506* पेंशन धारकों तक उनके पेंशन की राशि भी उपलब्ध करा दी गई है।

राज्य में कोविड-*19* से *17* संक्रमित

राज्य सरकार बार-बार राज्य के सभी नागरिकों से घर पर रहने के लिए आग्रह कर रही है। क्योंकि सोशल डिस्टेन्सिंग ही कोरोना वायरस से बचाव सम्भव है। घर पर रह कर ही इस बीमारी के संक्रमण से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के रिपोर्ट के अनुसार अभी तक राज्य में *1,682* लोगों का कोविड- *19* टेस्ट लिया गया जिसमें से *17* पॉजिटिव पाए गये । पॉजिटिव पाए गए लोगों मे *6* बोकारो के हैं , *2* हज़ारीबाग़ के , *1* कोडरमा के एवं *8* राँची के हैं। कोरोना से बचाव के लिए राज्य में *3,768* क्वॉरेंटाइन सेंटर कार्य कर रहे हैं

जिसमें *15,534* लोगों को क्वॉरेंटाइन किया जा रहा है। वहीं *1,16,214* लोग होम क्वॉरेंटाइन में रह रहे हैं । अभी तक *60,744* लोगों ने अपना क्वॉरेंटाइन पूरा कर लिया है।

राज्य के बाहर फंसे झारखंडवासियों की मदद हेतु सरकार प्रतिबद्ध

कोविड -*19* के प्रसार को रोकने के लिए देश में लागू लॉक डाउन की वजह से देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में झारखंड के *7,87,007* लोग फंसे हुए हैं। जिनमें *5,177* जगाहों पर *5,03,435* प्रवासी मजदूरों के फसे होने की जानकारी प्राप्त हुई है। सभी लोगों के संबंध में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है , ताकि उन तक हर स्तर से मदद पहुंचाई जा सके। अब तक सरकार द्वरा *4,834* जगहों पर फंसे *3,87,988* मजदूरों के खाने एवं रहने की व्यवस्था कर दी गयी है।

###
==================
#TeamPRDJharkhand